## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | पीएमश्री विद्यालयों की राज्य स्तरीय रैंकिंग का पहला संस्करण |
| 2. | राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (NQAS) में राजस्थान का प्रदर्शन |
| 3. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. 7वीं राष्ट्रीय मुएथाई चैंपियनशिप में राजस्थान<br>2. उपभोक्ताओं से जुड़े केस निस्तारण में जयपुर – I प्रथम स्थान पर<br>3. स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान<br>4. आँगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण वाटिकाएँ<br>5. इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टिट्यूट की राजस्थान में दूसरी प्रयोगशाला<br>6. प्रखर राजस्थान 2.0 अभियान के तहत AI आधारित ORF<br>7. कटी घाटी जैविक पार्क : अलवर<br>8. वेवलेंथ डिस्पर्सिव एक्स-रे फ्लोरोसेंस मशीन<br>9. राजस्थान इंडस्ट्रियल ट्रेड एक्सपो (RITEX) 2026 |
| 4. | लाला लाजपत राय (1865-1928 ई.) |
| 5. | नदी डेल्टाओं का जलमग्न होना |
| 6. | गीता मित्तल समिति |
| 7. | राष्ट्रपति का विशेष अभिभाषण |
| 8. | आकांक्षी जिला कार्यक्रम |
| 9. | SJ-100 विमान |
| 10. | भारत का नवीकरणीय ऊर्जा संक्रमण |
| 11. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. तुलु भाषा |






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## पीएमश्री विद्यालयों की राज्य स्तरीय रैंकिंग का पहला संस्करण

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राजस्थान के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास द्वारा राजस्थान के सभी 639 पीएमश्री विद्यालयों की पहली बार राज्यस्तरीय रैंकिंग जारी की गई।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

- मुख्य सचिव द्वारा जारी की गई यह रैंकिंग 18 मानकों पर आधारित है।
- **शीर्ष पाँच पीएमश्री विद्यालय :** पीएमश्री स्कूल धवा (जोधपुर), पीएमश्री स्कूल सावर (अजमेर), पीएमश्री स्कूल मानपुरा माचेड़ी (जयपुर), पीएमश्री स्कूल जोधकिया (हनुमानगढ़) और पीएमश्री स्कूल रींगस (सीकर)।
- राज्य में संचालित पीएमश्री स्कूल 'उत्कृष्ट प्रबंधन' की अवधारणा पर आधारित हैं, जहाँ विद्यार्थियों को व्यावहारिक वातावरण एवं आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं।
- राजस्थान के विद्यालयों में 'पीएमश्री योजना' का 2 चरणों में संचालन किया जा रहा है।
- **प्रथम चरण :** राज्य के 402 विद्यालयों का चयन किया गया।
- **द्वितीय चरण :** राज्य के 33 जिलों से 237 विद्यालयों का चयन किया गया।
- इस योजना के तहत राज्य में चयनित कुल 639 विद्यालयों में 16 प्राथमिक, 123 उच्च प्राथमिक, 18 माध्यमिक और 482 उच्च माध्यमिक विद्यालय शामिल है।
- प्राइम मिनिस्टर स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (PMSHRI) योजना के तहत राजस्थान में कुल 639 विद्यालयों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जा रहा है। जिनमें से प्रदेश के 500 पीएमश्री विद्यालयों में डिजिटल लाइब्रेरी और 142 विद्यालयों में ओ-लैब स्थापित की गई हैं।
- **संबंधित विभाग :** राष्ट्रीय स्तर पर 'स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग' तथा राज्य में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् और शिक्षा विभाग।

### प्राइम मिनिस्टर स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम-श्री)


- **मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदन :** 7 सितंबर, 2022
- **प्रकार :** केंद्र प्रायोजित योजना।
- **उद्देश्य :** 14,500 मॉडल स्कूलों की स्थापना करना।
- चयनित विद्यालयों में समग्र शिक्षा, 21वीं सदी के अनुकूल कौशल विकास तथा पर्यावरण के अनुकूल बुनियादी ढांचे का निर्माण करना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (NQAS) में राजस्थान का प्रदर्शन

## चर्चा में क्यों?

- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (NQAS) – 2025 में राजस्थान के झालावाड़ ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया।




## मुख्य बिन्दु:

- **टॉप - 3 जिले :** झालावाड़, हनुमानगढ़ और कोटा।
- राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (NQAS) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) द्वारा वर्ष 2013 में सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए शुरू किया गया एक व्यापक ढांचा है।
- **उद्देश्य :** सार्वजनिक अस्पतालों की विश्वसनीयता बढ़ाना और यह सुनिश्चित करना कि प्रदान की जाने वाली सेवाएँ सुरक्षित, रोगी-केंद्रित और गुणवत्तापूर्ण हों।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **मुख्य स्तंभ (8) :** सेवा प्रावधान, रोगी के अधिकार, इनपुट/संसाधन, सहायता सेवाएँ, नैदानिक देखभाल (Clinical Care), संक्रमण नियंत्रण, गुणवत्ता प्रबंधन और परिणाम।
- NQAS का मूल सिद्धांत सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा को केवल उपलब्धता पर आधारित सेवा वितरण से हटाकर सुरक्षा, प्रभावशीलता और रोगी की गरिमा पर आधारित देखभाल की ओर ले जाना है ।
- यह मानक जिला अस्पतालों (DH), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (CHC), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (PHC), शहरी PHC और आयुष्मान आरोग्य मंदिर (HWC) पर लागू होते हैं।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

- **ई-स्वास्थ्य विद्या प्लेटफार्म :** हाल ही में, राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय ने संबद्धता प्राप्त संस्थानों के छात्र-छात्राओं के लिए 'आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन' की तर्ज पर 'ई-स्वास्थ्य विद्या प्लेटफार्म' की शुरुआत की गई।
- **डिजिटल स्वास्थ्य मिशन :** राजस्थान सरकार ने डिजिटल स्वास्थ्य मिशन की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य रिकॉर्ड्स को डिजिटाइज करना और प्रौद्योगिकी के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा की आपूर्ति में सुधार करना है।
- **आभा आईडी :** आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM) के तहत केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (ABHA) लॉन्च किया गया है।
- यह एक 14-अंकीय डिजिटल हेल्थ आईडी है, जिसका उद्देश्य व्यक्तियों के स्वास्थ्य रिकॉर्ड के लिए एक केंद्रीकृत रिपोजिटरी बनाना है, जिससे स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के बीच चिकित्सा जानकारी की निर्बाध पहुँच और साझाकरण की सुविधा मिलती है।
- इस पहल का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा वितरण की दक्षता को बढ़ाना, रोगी परिणामों में सुधार करना और राजस्थान सहित पूरे देश में स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता को बढ़ावा देना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **7वीं राष्ट्रीय मुएथाई चैंपियनशिप में राजस्थान**<br>■ हैदराबाद में आयोजित 7वीं नेशनल मुएथाई चैंपियनशिप में राजस्थान की टीम फर्स्ट रनर-अप (द्वितीय स्थान) रही।<br>■ आयोजन : 22 से 25 जनवरी, 2026<br>■ आयोजक : तेलंगाना मुएथाई एसोसिएशन और यूनाइटेड मुएथाई एसोसिएशन ऑफ इंडिया।<br>■ हैदराबाद के एस.एस. कन्वेंशन सेंटर में आयोजित चैंपियनशिप में राजस्थान ने 10 स्वर्ण सहित कुल 33 पदक जीतें। |
| 2. | **उपभोक्ताओं से जुड़े केस निस्तारण में जयपुर – I प्रथम स्थान पर**<br>■ वर्ष 2025 में पूरे राज्य में उपभोक्ताओं से जुड़े केस निस्तारण में जिला उपभोक्ता आयोग जयपुर-I पहले स्थान पर रहा।<br>■ साथ ही, देशभर में जिला उपभोक्ता आयोग जयपुर-I चौथे स्थान पर रहा है। 1 जनवरी से 31 दिसंबर, 2025 तक की अवधि में जिला उपभोक्ता आयोग, जयपुर-I ने 1056 केसों का निस्तारण किया। |
| 3. | **स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान**<br>■ राजस्थान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रदेशभर में 30 जनवरी से 13 फरवरी, 2026 तक 'स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान' का संचालन किया जाएगा।<br>■ इस अभियान के तहत ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर कुष्ठ रोग निवारण एवं जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।<br>■ अभियान की थीम : 'भेदभाव का अन्त एवं गरिमा सुनिश्चित करना'। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 4. | **आँगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण वाटिकाएँ**<br>■ जनवरी, 2026 तक राजस्थान में 107 सक्षम आँगनबाड़ी केंद्रों एवं 242 आदर्श आँगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण वाटिकाएँ विकसित की जा चुकी हैं।<br>■ ज्ञातव्य है कि वित्त वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 में पोषण अभियान के अंतर्गत नवाचार के रूप में प्रदेश में पोषण वाटिकाएँ विकसित की गई थीं।<br>■ पोषण वाटिका विकसित किये जाने का मुख्य उद्देश्य स्थानीय समुदाय में ताजा एवं हरी सब्जियों के प्रति जागरूकता लाना, संतुलित आहार, कुपोषण कम करने एवं बच्चों को साइट विजिट के माध्यम से विभिन्न कृषि तकनीकों के संबंध में ज्ञान संवर्धन करना है। |
| 5. | **इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टिट्यूट की राजस्थान में दूसरी प्रयोगशाला**<br>■ हाल ही में, इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टिट्यूट (IGI) ने सीतापुरा (जयपुर) में रंगीन रत्न विश्लेषण तकनीक से सुसज्जित राजस्थान में दूसरी प्रयोगशाला का उद्घाटन किया।<br>■ जयपुर स्थित यह नई सुविधा हीरे, रंगीन रत्नों और आभूषणों के लिए प्रमाणन सेवाओं की पूरी श्रृंखला प्रदान करेगी। प्रयोगशाला में रमन स्पेक्ट्रोमेट्री, यूवी-विज़-एनआईआर स्पेक्ट्रोस्कोपी और एक्स-रे फ्लोरेसेंस जैसे उन्नत विश्लेषण उपकरणों का उपयोग किया जाएगा। |
| 6. | **प्रखर राजस्थान 2.0 अभियान के तहत AI आधारित ORF**<br>■ राजस्थान शिक्षा विभाग द्वारा संचालित प्रखर राजस्थान 2.0 अभियान में प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों को रीडिंग रेमेडिएशन के माध्यम से पठन में दक्ष बनाया जा रहा है। इस अभियान के तहत AI आधारित ORF (ओरल रीडिंग फ्लूएंसी) के माध्यम से विद्यार्थियों का मूल्यांकन किया जाएगा।<br>■ राष्ट्रीय शिक्षक दिवस (5 सितंबर, 2025) के अवसर पर 'मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान' के तहत प्रखर राजस्थान 2.0 अभियान (रीड टू लीड) का शुभारंभ किया गया। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 7. | **कटी घाटी जैविक पार्क : अलवर**<br>■ अलवर के कटी घाटी क्षेत्र में नया जैविक उद्यान (Biological Park) विकसित किया जाएगा। यह पार्क वन्यजीव संरक्षण, पशु देखभाल और पर्यटन को एक ही स्थान पर जोड़ने वाला होगा।<br>■ इसके पूरा होने पर यह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) का अपनी तरह का पहला जैविक पार्क बन जाएगा, जिसमें सफारी, रेस्क्यू सेंटर और अत्याधुनिक पशु चिकित्सालय की सुविधाएँ होंगी।<br>■ इसमें से करीब 30 प्रतिशत क्षेत्र चिड़ियाघर के रूप में विकसित किया जाएगा, जबकि शेष 70 प्रतिशत क्षेत्र हरित क्षेत्र रहेगा, ताकि प्राकृतिक वातावरण बना रहे। अलवर जैविक पार्क में 81 विभिन्न प्रजातियों के 400 से अधिक वन्यजीव रखे जाएंगे। |
| 8. | **वेवलेंथ डिस्पर्सिव एक्स-रे फ्लोरोसेंस मशीन**<br>■ राजस्थान खान एवं भूविज्ञान निदेशालय की ओर से खनिजों की जाँच के लिए अत्याधुनिक तकनीक वेवलेंथ डिस्पर्सिव एक्स-रे फ्लोरोसेंस (WD-XRF) मशीन प्रयोगशाला में स्थापित की जाएगी।<br>■ इस हाईटेक मशीन के जरिए खनिज नमूनों का तेज, सटीक और उच्च गुणवत्ता वाला रासायनिक विश्लेषण किया जा सकेगा।<br>■ राजस्थान खान एवं भूविज्ञान निदेशालय : उदयपुर। |
| 9. | **राजस्थान इंडस्ट्रियल ट्रेड एक्सपो (RITEX) 2026**<br>■ राजस्थान इंडस्ट्रियल ट्रेड एक्सपो (RITEX) का दूसरा संस्करण 20 से 22 मार्च, 2026 तक आयोजित किया जाएगा।<br>■ **आयोजन स्थल :** BN कॉलेज ग्राउंड, उदयपुर।<br>■ सभी इंडस्ट्रीज़ के लिए एक ओपन प्लेटफॉर्म के तौर पर तैयार किया गया RITEX, मैन्युफैक्चरिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर, लाइफस्टाइल, सर्विसेज़, सस्टेनेबिलिटी-लेड सेक्टर्स और उभरती हुई इंडस्ट्रीज़ को एक साझा मंच उपलब्ध कराता है। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR \| Support@utkarsh.com \| Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# इतिहास एवं संस्कृति

## लाला लाजपत राय (1865-1928 ई.)

### चर्चा में क्यों?

- प्रधानमंत्री ने 'पंजाब केसरी' लाला लाजपत राय की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। लाला लाजपत राय का जन्म पंजाब में हुआ था।



### मुख्य बिन्दु:

**भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में भूमिका:**

- वे कांग्रेस के गरम दल के प्रमुख नेता थे तथा प्रसिद्ध त्रिमूर्ति 'लाल-बाल-पाल' (लाला लाजपत राय, बाल गंगाधर तिलक और बिपिन चंद्र पाल) का हिस्सा थे।
- वे 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन के अध्यक्ष चुने गए।
- वे 1920 में ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (AITUC) के भी अध्यक्ष रहे।


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### स्थापित संगठन/आंदोलन:

- उन्होंने हिंदू राहत आंदोलन, अमेरिका में भारतीय होमरूल लीग, सर्वेंट्स ऑफ द पीपल सोसाइटी की स्थापना की।
- उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक की स्थापना में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### साहित्यिक योगदान:

- उन्होंने 'द पीपल' पत्रिका शुरू की और 'द ट्रिब्यून' अखबार में योगदान दिया।
- **प्रमुख पुस्तकें:** अनहैप्पी इंडिया, यंग इंडिया, आर्य समाज का इतिहास, इंग्लैंड्स डेब्ट टू इंडिया।
- साथ ही उन्होंने मैजिनी, गैरीबाल्डी और स्वामी दयानंद पर लोकप्रिय जीवनियां भी लिखीं।
- **साइमन कमीशन का विरोध:** जब 1928 में साइमन कमीशन लाहौर आया, तो उन्होंने इसके विरोध में एक शांतिपूर्ण मार्च का नेतृत्व किया। पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज में उनके सिर पर गंभीर चोटें आईं, जिसके कारण उनकी मृत्यु हो गई।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भूगोल एवं भू-विज्ञान

## नदी डेल्टाओं का जलमग्न होना

### चर्चा में क्यों?

- एक अध्ययन के अनुसार भारत के आधे से अधिक प्रमुख नदी डेल्टा जलमग्न हो रहे हैं।



### मुख्य बिन्दु:

- एक हालिया अध्ययन के अनुसार, विश्व के सात प्रमुख डेल्टा दुनिया भर में जलमग्न हो रहे डेल्टा क्षेत्र का लगभग 57% हिस्सा हैं। इन सात प्रमुख डेल्टाओं में शामिल हैं- गंगा-ब्रह्मपुत्र, नील, मेकांग, यांग्त्ज़ी, अमेज़न, इरावदी और मिसिसिपी डेल्टा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### नदी डेल्टाओं के जलमग्न होने के कारण

- **भूमि का धंसना:** 2014 और 2023 के बीच, वैश्विक स्तर पर आधे से अधिक डेल्टाओं में 3 मिमी प्रतिवर्ष से अधिक की दर से भूमि धंसाव की घटना दर्ज की गई।
- भारत में ब्राह्मणी और महानदी के डेल्टा सबसे तेजी से जलमग्न हो रहे हैं।
- **मौसमी गाद के जमाव में कमी:** डेल्टा की ऊंचाई बनाए रखने के लिए गाद का जमाव आवश्यक है, लेकिन बांध निर्माण के कारण प्राकृतिक तलछट प्रवाह बाधित हो गया है।

### नदी डेल्टा

- यह एक निक्षेपण विशेषता है। डेल्टा तब निर्मित होते हैं, जब नदियाँ अपना जल और तलछट किसी अन्य जल निकाय जैसे- समुद्र, झील या दूसरी नदी में गिराती हैं।
- डेल्टा निर्माण के लिए नदी का प्रवाह इतना धीमा और स्थिर होना चाहिए कि गाद का जमाव हो सके। यहीं कारण है कि सभी नदियाँ डेल्टा नहीं बनाती हैं।
- डेल्टा पृथ्वी के केवल 1% भू-क्षेत्र पर स्थित हैं, लेकिन वैश्विक आबादी का लगभग 6% हिस्सा यहाँ निवास करता है। साथ ही, विश्व की 34 मेगासिटीज में से 10 यहीं स्थित हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भारतीय शासन एवं राजव्यवस्था

## गीता मित्तल समिति

### चर्चा में क्यों?

- उच्चतम न्यायालय ने गीता मित्तल समिति का कार्यकाल छह महीने के लिए और बढ़ा दिया है।



### मुख्य बिन्दु:

#### गीता मित्तल समिति के बारे में

- इस समिति के सभी 3 सदस्य महिलाएँ हैं। इसकी अध्यक्षता जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय की पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गीता मित्तल कर रही हैं।
- **गठन:** उच्चतम न्यायालय द्वारा अगस्त 2023 में इसका गठन किया गया था।
- **उद्देश्य:** मणिपुर में नृजातीय संघर्ष के कारण उत्पन्न मानवीय चिंताओं को दूर करना है।

#### मुख्य अधिदेश:

- महिलाओं के खिलाफ हुई हिंसा के स्वरूप की जांच करना।
- हिंसा से प्रभावित लोगों को नि:शुल्क और मनोवैज्ञानिक चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करना आदि।


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रपति का विशेष अभिभाषण

## चर्चा में क्यों?

- राष्ट्रपति ने बजट सत्र के प्रारंभ में संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अभिभाषण किया।



## मुख्य बिन्दु:

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 86 और 87 राष्ट्रपति को संसद में अभिभाषण करने का अधिकार देते हैं।

**'राष्ट्रपति के विशेष अभिभाषण' के बारे में**

- **अनुच्छेद-86** (सदनों में अभिभाषण और संदेश भेजने का राष्ट्रपति का अधिकार): यह अनुच्छेद राष्ट्रपति को संसद के किसी भी सदन (लोकसभा या राज्यसभा) को या दोनों सदनों को एक साथ अभिभाषण करने का अधिकार देता है।
- **अनुच्छेद-87** (राष्ट्रपति का विशेष अभिभाषण): यह अनुच्छेद उन दो विशेष अवसरों के बारे में है जब राष्ट्रपति अनिवार्य रूप से संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अभिभाषण करते हैं। ये दो अवसर हैं:
  - प्रत्येक आम चुनाव के बाद लोकसभा के प्रथम सत्र के प्रारंभ में।
  - प्रत्येक वर्ष के प्रथम सत्र (आमतौर पर बजट सत्र) के प्रारंभ में।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# योजनाएँ एवं नीतियाँ

## आकांक्षी जिला कार्यक्रम

### चर्चा में क्यों?

- नीति आयोग ने 'संपूर्णता अभियान 2.0' की शुरुआत की है।



### मुख्य बिन्दु:

- **उद्देश्य:** आकांक्षी जिला कार्यक्रम और आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों में पूर्ण उपलब्धि के लिए लगातार प्रयास करना है।
- दोनों कार्यक्रम नीति आयोग द्वारा शुरू किए गए हैं।

**आकांक्षी जिला कार्यक्रम के बारे में:**

- **शुरुआत:** 2018
- **उद्देश्य:** देश के 112 जिलों का त्वरित और प्रभावी विकास सुनिश्चित करना है।
- **इसके पांच मुख्य क्षेत्र (थीम) हैं:** स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि और जल संसाधन, वित्तीय समावेशन और कौशल विकास, आधारभूत संरचना।
- विकास की प्रगति को 49 विकास संकेतकों के आधार पर मापा जाता है।

**आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के बारे में:**

- **शुरुआत:** वर्ष 2023
- **उद्देश्य:** देश के 329 जिलों के 513 प्रखंडों में आवश्यक सरकारी सेवाओं की पूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित करना है।


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## SJ-100 विमान

### चर्चा में क्यों?

- हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) और रूस के यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन के बीच सुपरजेट-100 (SJ-100) विमान के भारत में उत्पादन को लेकर एक समझौता हुआ है।




### मुख्य बिन्दु:

**सुपरजेट-100 (SJ-100) विमान**

- यह नई पीढ़ी का शॉर्ट-हॉल (कम दूरी का) जेट विमान है। इसमें अधिकतम 103 यात्रियों के बैठने की क्षमता है और इसकी उड़ान सीमा लगभग 3500 किलोमीटर तक है।

**विमान की विशेषताएं:**

- इसमें बेहतरीन एरोडायनामिक्स और डिजिटल 'फ्लाई-बाय-वायर' कंट्रोल सिस्टम दिया गया है।
- इसमें कंट्रोल साइड स्टिक्स के साथ अत्याधुनिक कॉकपिट है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## भारत का नवीकरणीय ऊर्जा संक्रमण

### चर्चा में क्यों?

- विश्व ऊर्जा सम्मेलन (WEF) में, भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा परिवर्तन में वैश्विक नेता के रूप में अपनी उभरती स्थिति को उजागर किया।



### मुख्य बिन्दु:

- भारत ने अपनी कुल स्थापित विद्युत क्षमता का 50% गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से प्राप्त करने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है। यह उपलब्धि उसने अपने 2030 के लक्ष्य से पांच वर्ष पूर्व ही अर्जित कर ली है।


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## भारत का नवीकरणीय ऊर्जा संक्रमण

- **विनिर्माण क्षमता:** भारत की नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता बढ़कर 144 गीगावाट हो गई है।
- **वैकल्पिक ईंधन:** एथेनॉल सम्मिश्रण कार्यक्रम के परिणामस्वरूप $CO_2$ उत्सर्जन में 813 लाख मीट्रिक टन की कमी आई है।
- भारत जैव ईंधन, ग्रीन हाइड्रोजन, सतत ईंधन और अन्य कम-कार्बन उत्सर्जक तकनीकों में भी अपनी पहलों में वृद्धि कर रहा है।
- **प्रतिस्पर्धात्मकता:** सौर टैरिफ में लगभग 80% की गिरावट आई है। भंडारण के साथ नवीकरणीय ऊर्जा अब लागत के मामले में प्रतिस्पर्धी हो गई है। भारत में ग्रीन हाइड्रोजन व ग्रीन अमोनिया की कीमतें वैश्विक स्तर पर सबसे कम हैं।

## भारत की प्रमुख नवीकरणीय ऊर्जा संक्रमण पहलें

- **विकेंद्रीकृत नवीकरणीय ऊर्जा:** छत पर सौर पैनल लगाने के लिए पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना और कृषि को सौर ऊर्जा से जोड़ने के लिए प्रधान मंत्री ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) योजना।
- **वैकल्पिक ईंधन:** जैव ईंधन पर राष्ट्रीय नीति 2018 जिसके तहत 2025-26 तक पेट्रोल में 20% एथेनॉल सम्मिश्रण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन जिसका लक्ष्य 2030 तक 5 मिलियन मीट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करना है।
- **सौर ऊर्जा:** अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन, वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड, और सोलर पार्क योजना।
- **परमाणु ऊर्जा का विस्तार:** परमाणु ऊर्जा मिशन के तहत ऊर्जा उत्पादन को 2032 तक बढ़ाकर 22.5 GW करने और 2047 तक 100 GW का लक्ष्य रखने की योजना।
- **वैश्विक भागीदारी:** वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन, G20 ऊर्जा संक्रमण कार्य समूह, और लीडआईटी (LeadIT- उद्योग परिवर्तन के लिए नेतृत्व समूह) आदि।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **तुलु भाषा**<br>■ कर्नाटक सरकार ने तुलु को राज्य की दूसरी अतिरिक्त आधिकारिक भाषा घोषित करने पर समर्थन व्यक्त किया है।<br>■ वर्तमान में, कन्नड़ कर्नाटक की एकमात्र आधिकारिक भाषा है, जबकि अंग्रेजी का उपयोग अतिरिक्त आधिकारिक भाषा के रूप में किया जाता है। |

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR